॥ ॐ ॥

* श्री जिनायनमः *

(१) आवश्यकीय सूचना।

१. कविवर वृन्दावनजीकृत "श्रीवर्तमान चतुर्विंशतिजिन पूजा" तो कई स्थानों से कई कई बार प्रकाशित हो चुकी है। परन्तु यह "पंचकल्याणक पाठ" आजतक कहीं से एकबार भी प्रकाशित नहीं हुआ है। इसलिये इसके प्रकाशित होने की भी आवश्यकता समझ कर कई जिनभक्त महानुभावों की प्रेरणा से हमने इसे प्रकाशित कराया है। आशा है कि श्रीजिनभक्त महानुभाव सर्व ही इस से बारम्बार पुण्योपार्जन कर परम लाभ उठाते रहेंगे॥

२. यह पाठ उपर्युक्त 'चौबीसी पूजा' से सर्वथा भिन्न नहीं है किन्तु उसी को कुछ परिवर्तित और हीनाधिक करके कल्याणक क्रम से लिखा गया है॥

३. "चौबीसीपूजा" में समुच्चय चौबीस जिन पूजा सहित सर्व २५ ही पूजा हैं किन्तु, इस "पंचकल्याणक पाठ" में सर्व १२१ पूजा हैं। अतः इस के अनुकूल जिनपूजन करना "विशेष पुण्य बन्ध" का कारण है॥

४. मूल पाठ में गर्भादि कल्याणकों की कुछ तिथियां अशुद्ध थीं, वे "श्रीउत्तर पुराण" आदि कई प्राचीन आर्षग्रन्थों से तथा उनही ग्रन्थों में दिये हुए पंचकल्याणक की मितियों के नक्षत्रों का भी तिथियों के साथ ज्योतिष शास्त्र के नियमानुकूल मिलान और भले प्रकार जांच करके "पूर्णतयः शुद्ध" कर दी गई हैं। आशा है कि श्री जिनभक्त महानुभाव सर्व इस लिखित और पूर्व प्रकाशित श्री चतुर्विंशतिजिन पूजा पाठों में पंचकल्याणक की अशुद्ध लिखी या छपी तिथियों को इस पाठ के अनुकूल "शुद्ध कर लेने का अवश्य २ कष्ट उठा कर स्वपर के लिये पुण्यप्राप्ति का कारण बनेंगे"॥

५. इस पाठ के साथ सुभीते के लिये हमने तीर्थंकरक्रम से और तिथिक्रम से दोनों प्रकार के पंचकल्याणक की तिथियों के दो अलग २ शुद्ध कोष्ठ भी नक्षत्रों सहित लगा दिये हैं। जो महानुभाव चाहें इन कोष्ठों को श्री उत्तरपुराणादि से स्वयम् भी जांच कर लें॥

६. नित्य पूजन के साथ किसी तीर्थंकर भगवान का पूजन करने के अभिप्राय से यह जानने के लिये कि आज की तिथि में किसी तीर्थङ्कर भगवान् का कोई कल्याणक हुआ है या नहीं और यदि हुआ है तो किसकिसका और कौन २ सा कल्याणक हुआ है अथवा 'पंचकल्याणक व्रत' करने में, दूसरा तिथि क्रमसे दिया हुआ कोष्ठ ही परमउपयोगी है॥

७. इन कोष्ठों में प्रत्येक तिथि के साथ जो नक्षत्र दिये गये हैं प्रायः वही नक्षत्र उन मितियों में सदैव आकर पड़ेंगे। केवल एक या दो नक्षत्र का आगा पीछा कभी २ होजाना सम्भव है॥

८. जिस जिस तिथि को किसी तीर्थंकर भगवान् का कोई कल्याणक हुआ हो उस उस तिथि को तिथि-क्रम-कोष्ठ से देख कर उनही तीर्थंकर के पांचों कल्याणक का (चौवीसी पूजा से देख कर) या कम से कम उन तीर्थंकर भगवान् के केवल उस तिथि में हुए एक या अधिक "कल्याणकों" का ही पूजन (इस पंच कल्याणक पाठ से) "नित्य पूजन के साथ" कर लेना विशेष पुण्योपार्जन का कारण है॥

९. दोनों कोष्ठों में जहां जहां एक साथ 'दो तिथियां' दी गई हैं वहां यह जानना चाहिये कि कल्याणक के दिन प्रातःकाल सूर्योदय से कम से कम ५ घड़ी ५५ पल तक तो पहिली तिथि थी, तत्पश्चात् दूसरी तिथि प्रारम्भ होकर उस कल्याणक के समय यह दूसरी तिथि ही विद्यमान् थी। इसी प्रकार जहां २ 'दो नक्षत्र' हैं वहां प्रातः काल सूर्योदय के समय तो पूर्व का नक्षत्र था और गर्भादि के समय दूसरा नक्षत्र था अथवा दोनों नक्षत्रों का सन्धिकाल था॥

१०. प्रथम कोष्ठ में तिथियों के साथ नक्षत्रों पर भी दृष्टि डालने से यह भी ज्ञात होगा कि केवल चार

तीर्थंकरों अर्थात श्री अर्हनाथ, मल्लिनाथ, नेमनाथ और महावीरस्वामी के अतिरिक्त शेष २० तीर्थंकरों में से प्रत्येक के "पांचों ही कल्याणकों के दिन एक ही नक्षत्र" आकर पड़ा है। और उन चारों तीर्थंकरों में भी श्री अर्हनाथ का केवल 'जन्म नक्षत्र', श्री मल्लिनाथ का केवल 'ज्ञान नक्षत्र', श्री नेमनाथ का केवल गर्भनक्षत्र, और श्रीमहावीर का केवल 'निर्वाण-नक्षत्र' ही बदला है। शेष चार चार कल्याणकों का इन चारों तीर्थंकरों का भी एक एक नक्षत्र ही है ॥

११. यह 'पंचकल्याणक पाठ' निम्न लिखित अवसरों पर विशेष उपयोगी होगाः—

(१) जैनधर्मानुकूल गर्भ-संस्कार कराते समय हवन और देवपूजनादिके अतिरिक्त 'चतुर्विंशतिजिनगर्भ-कल्याणक पूजन' करना।

(२) जन्म-संस्कार कराते समय "जन्मकल्याणक" पूजन करना।

(३) लिपिसंख्यान अर्थात् विद्यारम्भ संस्कार कराते समय "ज्ञान कल्याणक पूजन" करना।

(४) उपनीति (यज्ञोपवीत), व्रतचर्या, गृहीसिता, प्रशान्तता, गृहत्याग, आदि संस्कारों के समय 'तपकल्याणक' पूजन करना।

(५) समाधिमरण के समय तथा मृत्यु संस्कार कराते समय 'निर्वाण कल्याणक पूजन' करना।

(६) दीपमालिका विधान के अवसर पर निर्वाण लाड़ू चढ़ाते समय 'निर्वाणकल्याणक पूजन' करना।

(७) श्री महावीर जयन्ती के दिन 'जन्म कल्याणक पूजन' करना और किसी ही तीर्थंकर के निर्वाणोत्सव के समय "निर्वाणकल्याणक पूजन" करना, अथवा जिन तीर्थंकर भगवान का जन्मोत्सव या निर्वाणोत्सव किया गया हो कमसे कम उनही का 'निर्वाण कल्याणक पूजन' करना। इत्यादि ॥

(२) कविवर पं० वृन्दावन जी का परिचय।

(श्रीयुत पं० नाथूराम जी प्रेमी लिखित जीवनचरित्र के आधार पर)

१ जन्म'—इन का जन्म बनारस और आरा के मध्य शाहाबाद जिले के "बारा" नामक ग्राम में, जो गङ्गा नदी के तट पर बसा है, शुभ मिती माघ शु० १४ विक्रम सम्वत् १८४८ सोमवार को, पुष्य नक्षत्र, कन्या लग्न में, मकरसूर्य के २७वें अन्श पर शुभ मुहूर्त में हुआ। यह "अग्रवाल वंश" के 'गोयल' गोत्र में जन्मे थे ॥

२. कुल (वंश)'—इन का जन्म "अग्रवाल" वन्श के गोयल गोत्र में हुआ। यह काशी निवासी "बाबू धर्मचन्द्र" जी की धर्मपत्नी 'शिताब देवी' (सितावो) के गर्भ से उत्पन्न हुए। इनकी धर्मपरायणा सुशीला विदुषी स्त्री का नाम "रुक्मिणी" था जो काशी निवासी एक धनिक की पुत्री थी। "लालूबाबा" जिन के नाम से प्रसिद्ध एक बाग अब तक "बारा" ग्राम में विद्यमान है कविवर के पितामह थे जो बाबू सीताराम जी के पुत्र और "पं० खुशहालचंन्द्र" जी के पौत्र थे। 'बाबू महावीरप्रसाद' कविवर के लघुभ्राता थे जो सन्तान

वंश वृक्ष।

खुशहालचन्द्र
सीताराम
लालजी (लालबाबा)
धर्मचन्द्र
कविवर वृन्दावन — महावीरप्रसाद
(कविवर वृन्दावन के पुत्र:) अजितदास — शिखरचन्द्र
(अजितदास के पुत्र:) सुन्दरदास — पुरुषोत्तमदास — हरिदास
(पुरुषोत्तमदास:) शिरोमणि (पुत्री)
हनुमानदास — गुलाबदास — महताबदास — बुलाकचन्द्र

रहित स्वर्गवासी होगये। कविवर के दो पुत्र, 'अजितदास' और 'शिखरचन्द्र' थे जिन में से ज्येष्ठ पुत्र 'अजितदास' की सन्तान इस समय 'आरा' में विद्यमान है जहां इनके ज्येष्ठ पुत्र अजितदास का पाणिग्रहण बाबू 'मुन्नीलाल' की सुपुत्री के साथ हुआ था ॥

३. विद्याध्ययन—कविवर १२ वर्ष की वय तक तो "बारा" ग्राम ही में सामान्य रीति से कुछ विद्याध्ययन करते रहे पश्चात् जब सं० १८६० में उनके पूर्वज 'काशी' में आकर रहने लगे तो कविवर को यहां पण्डित सुखलाल जी सेठी, पण्डित काशीनाथ जी, आडूतराम जी, अनन्तराम जी, मूलचन्द्र जी आदि का अच्छा सत्संग मिला जिस से थोड़े ही समय में इन्हें जैनधर्म का अच्छा बोध होगया। कविवर अपने को 'पण्डित सुखलाल जी' का शिष्य बतलाते हैं। आप केवल १५ वर्ष की वय में ही हिन्दी भाषा में अच्छी कविता करने लगे थे। संस्कृत भाषा का बोध आप को सं० १८८० तक अर्थात् ३२ वर्ष की वय तक न था ॥

४. शरीर रचना—इन के शरीर का रङ्ग गेंहुआ और डीलडौल साधारण अर्थात् न लम्बा और न नाटा था ॥

५. पहनावा—देशी पाग, मिरज़ई और धोती, यह उनका साधारण पहनावा था, कभी कभी टोपी भी पहन लेते थे। किन्तु मृत्यु से पाँच छः वर्ष पूर्व से वे उदासीन वृत्ति में रहने लगे और इस लिये वस्त्रादि से ममत्व घटाते घटाते केवल एक चादर और कोपीन ही रखने लगे, जूता पहनना भी त्याग दिया ॥

६. खानपान—खान पान आप का युवावस्था में एक भङ्ग ग्रहण करने के अतिरिक्त सर्व प्रकार शुद्ध और साधारण था ॥

७. परोपकारता—आप बड़े दयालु हृदय और परोपकारी थे और आप को गुप्तदान करने में बड़ी

ख्याति थी, अनाथों और दीन दुखियों के आप परम बान्धव और बड़े शान्ति-स्वभावी थे ॥

८. देवाराधन और मंत्र-सिद्धी.—अपने पिता के समान आप 'पद्मावती देवी' के केवल भक्त ही नहीं थे किन्तु आपने उसे सिद्ध भी करली थी और मंत्र तंत्रादि पर भी आप की केवल गाढ़ श्रद्धा ही न थी वरन् बहुत से मंत्र यंत्रादि का संग्रह भी आप के पास था, जिन में से कई एक सिद्ध भी कर रखे थे। कविवर को निमित्तज्ञान (ज्योतिष, सामुद्रिक आदि) में भी कुछ अभ्यास था ॥

९. समकालीन जैन विद्वान—(१) जयपुर में "श्रीसर्वार्थ सिद्धि" और 'श्रीज्ञानार्णव' आदि अनेक ग्रन्थों के भाषा टीकाकार 'पंडित जयचन्द्रजी',

(२) पं० जय चन्द्रजी के पुत्र कवि वर नन्दलाल जी,

(३) पं० मन्नालाल जी,

(४) प्रजा के लिये जान देने वाले दीवान अमरचन्द्रजी,

(५) मथुरा में श्री आदि पुराण के संस्कृत टीका कार पं० चम्पारामजी,

(६) शेठ लक्ष्मी चन्द्र जी,

(७) प्रयाग में अजमेर निवासी श्रीयुत भट्टारक ललित कीर्त्ति जी, इत्यादि ॥

१० कवित्व शक्ति—कविवर कोई साधारण कवि नहीं थे। उन्हें जो कवित्व शक्ति प्राप्त थी तथा उनमें जो कवि-प्रतिभा थी वह किसी ग्रन्थाधार से नहीं और न किसी गुरु के द्वारा प्राप्त हुई किन्तु वह पूर्व जन्म के संस्कार से प्राप्त थी। अतः कहा जा सकता है कि कविवर 'जन्मसिद्ध कवि' थे। उन की कविता में स्वाभाविकता और सरलता बहुत पाई जाती है। कविवर ने गृहस्थ होने पर भी शृंगाररस में कभी अपनी कविता

नही रची किन्तु भक्तिरस और अध्यात्मरस या शांतिरस की ओर ही उन की चित्तवृति सदा लगी रही हिंदी भाषा में जितनी कविता देखी जाती हैं वह प्रायः दोहा, सोरठा, चौपाई, छप्पय, कुंडलियां, कवित्त, सवैया आदि साधारण छंदों ही में पाई जाती हैं, परंतु 'कविवर वृन्दावन जी' लकीर के फ़कीर न थे। उन्हों ने अपनी रुचि के अनुसार संस्कृत भाषा में प्रचलित वसन्ततिलका, स्रग्धरा, आर्या, रथोद्धता, द्रुतविलम्बित, उपेन्द्र वज्रा, लक्ष्मीधरा आदि अनेक छन्दों का भी अपनी हिंदी भाषा कविता में बड़ी स्वतंत्रता के साथ उपयोग किया है और इसी लिये एक नवीन वस्तुके समान उनकी इसअपूर्व कविता का सर्व साधारण में सविशेष आदरहुआ है

११ ग्रन्थ रचना—कविवर रचित निम्न लिखित केवल ६ ग्रंथ इस समय प्राप्य हैं:—

(१) प्रवचनसार.—कविवर की रचना में ४२ वर्ष की कवित्व शक्ति और अनुभव के निचोड़ से परिपूर्ण यह अध्यात्म ग्रंथ सर्वोत्तम है जिसे आपने सम्वत् १८६३ में प्रारम्भ करके और तीन वार बड़े परिश्रम से ठीक करके अन्त में सम्वत् १९०५ में पूर्ण किया था। कविवर ने तीसरी वार यह ग्रंथ सम्वत् १९०४ के ज्येष्ठ मास में प्रारम्भ करके सं० १९०५की मिती वैशाख शु० ३ को लगभग १ वर्ष में समाप्त कर दिया। यह मूल ग्रन्थ प्रातःस्मरणीय 'श्रीकुंदकुंदाचार्य' रचित प्राकृत छंदों में है जिसके संस्कृत टीकाकार 'श्री अमृतचंद्रआचार्य' हैं। कविवरने इसे भाषा छंदवद्ध किया है। इस मूल ग्रंथकी अपूर्वता का अनुमान इससे भले प्रकार हो सकता है कि इसकी उत्तमता पर मोहित होकर "वम्बई यूनिवर्सिटी" ने अपने एम. ए. (M. A.) के कोर्स (पठनक्रम) में इसे स्थान दे रखा है। कविवर का किया छन्दवद्ध अनुवाद कितना उत्तम हुआ है यह वात उसे देखने ही से जानी जा सकती है। यह अनुवाद श्रीयुत पण्डित नाथूराम जी प्रेमी द्वारा वम्बई से प्रकाशित हो चुका है ॥

(२) चतुर्विंशति तीर्थंकर पूजा—कविवर ने यह भक्ति भाव पूर्ण सुप्रसिद्ध पूजन ग्रन्थ शुभ मिती कार्तिक कृ०३० (अमावस्या) सं० १८७५, गुरुवार को लिख कर समाप्त किया। जितने भाषा चौबीसी पाठ इस समय प्रस्तुत हैं उन सर्व में इसी का प्रचार अधिक है जिस से इसकी पद्य रचना के लालित्य का तथा उसकी उत्तमता और अनौपमता का पूर्ण प्रमाण मिलता है। कहते हैं कि पश्चिमदेशीय कुछ गायन प्रेमी जैन यात्रियों की 'भेलूपुरा' के श्री जैन मन्दिर में किसी नवीन "चतुर्विंशतिजिनपूजा" नृत्य गायन पूर्वक करने की बड़ी उत्कंठा देखकर कविवर ने इसे अपने पूर्व रचित "चतुर्विंशतिजिनपञ्चकल्याणक पाठ" में कुछ न्यूनाधिक करके केवल एक रात्रि में तईयार किया था। ऐसा भी कहा जाता है कि कविवर ने उस रात्रि को यात्रियों की इच्छानुसार शीघ्रता के कारण अपनी इस "चतुर्विंशतिजिनपूजा" ही को कुछ न्यूनाधिक करके और नवीन रूप में कल्याणक क्रम से लिखकर एक पञ्चकल्याणक पाठ तईयार कर दिया था॥

(३) तीस चौबीसी पाठ—इस ग्रंथ को कवि महोदयने सम्वत् १८७६ में शुभ मिती माघ शु० ५ को लग भग एक वर्ष में लिखकर पूर्ण किया॥

इस पाठ में अढ़ाई द्वीप के पांचों मेरु सम्बंधी जो ५ भरत और ५ ऐरावत क्षेत्र हैं उन सर्व की भूत भविष्यत और वर्तमान चौबीसियों अर्थात् दशों क्षेत्र की तीन तीन चौबीसियों—सर्व ३० चौबीसी—का पूजन संग्रह है। यह ग्रंथ "श्री जिनवाणी प्रचारक कार्यालय, कलकत्ता" द्वारा प्रकाशित हो चुका है॥

(४) छंद शतक—भाषा छंद शास्त्र का यह एक बड़ा उत्तम और अपने ढंग का सर्व से पहिला ग्रंथ है जिस में लग भग १०० प्रकार के छंदो के बनाने की बड़ी सरल विधि बतलाई गई है। कविवर ने इसे अपने सुपुत्र 'अजितदास' को पढ़ाने के लिये बनाया था जिस की रचना सं० १८९८ में शुभ मिती पौष कृ० १४ को आरम्भ करके शुभ मिती माघ कृ० २ को केवल १८ दिन में समाप्त कर दी। यह ग्रन्थ 'वृन्दावन विलास' में

श्रीमान "पं० नाथूराम प्रेमी" जी द्वारा प्रकाशित हो चुका है ॥

(५) अर्हत्पासा केवली—यह एक छोटा शकुनावली ग्रंथ है जिसकी रचना कविवर ने पं० विनोदी लाल कृत संस्कृत ग्रंथ के आधार पर की है। यह भी पं० नाथूराम जी द्वारा प्रकाशित हो गया है।

(६) वृंदावन विलास—यह निम्न लिखित १७ प्रकीर्णक (फुटकर) कविताओं का संग्रह है जो कविवर के संक्षिप्त जीवन चरित्र और "छंद शतक" सहित श्रीमान पं० नाथूराम जी प्रेमी द्वारा बम्बई में प्रकाशित हो चुका है:—

१. जिनेन्द्रस्तुति	२. जिन-वचन स्तुति	३. गुरुस्तुति
४. संकट मोचन स्तुति	५. पद्मावती स्तोत्र	६. भक्तभय-भंजन कल्याण कल्पद्रुम
७. अरहन्त स्तुति	८. आरतभंजन स्तोत्र	९. गुरु देव स्तुति
१०. श्रीपति स्तुति	११. लोकोक्तियुक्त जिनेन्द्रस्तुति	१२. पदावली
१३. वृन्दावन-देवीदास पदावली	१४. प्रकीर्णक	१५. अंतरलापिका प्रकरणाष्टक
१६. पत्र व्यवहार	१७. शील माहात्म्य	

इन १७ ग्रन्थों के अतिरिक्त कविवर रचित "समवशरण पूजा पाठ" और "वृहत्वर्तमानचौबीसीपाठ" नामक ग्रन्थों का भी उल्लेख मिलता है परंतु इन का कहीं पता अभी तक नहीं लगा। सम्भव है कि कविवर रचित यह दोनों ग्रन्थ तथा उनकी अन्यान्य रचनाऐं भी उन के वंशजों में से किसी के पास हों ॥

विनीत

बिहारीलाल जैन, सी. टी.

(बुलन्दशहरी)

(३) श्री तीर्थंकर क्रम से नक्षत्र सहित शुद्ध तिथिकोष्ट।

क्रम नं०	नाम तीर्थंकर	गर्भ तिथि व नक्षत्र	जन्मतिथि व नक्षत्र	तप तिथि व नक्षत्र	कैवल्यज्ञान तिथि व नक्षत्र	निर्वाण तिथि व नक्षत्र
१	श्री ऋषभदेव	आषाढ़ कृ० २ उत्तराषाढ़	चैत्र कृ० ९, उत्तराषाढ़	चैत्र कृ० ९, उत्तराषाढ़	फा० कृ० ११, उत्तराषाढ़	माघ कृ० १४, उत्तराषाढ़
२	श्री अजितनाथ	ज्येष्ठ कृ० ३० रोहिणी	माघ शु० १०, रो०	माघ शु० ९, रो०	पौष शु० ११, रो०	चैत्र शु० ५, रोहिणी
३	श्री संभवनाथ	फाल्गुन शु० ८ मृगशिरा	कार्तिक शु० १५, मृगशि०	मार्गशिर शु० १५ मृग०	कार्तिक कृ० ४, मृ०	चैत्र शु० ६, मृगशिरा
४	श्री अभिनन्दननाथ	वैशाख शु० ६ पुनर्वसु	माघ शु० १२, पुन०	माघ शु० १२, पुन०	पौष शु० १४, पुन०	वैशाख शु० ६, पुनर्वसु
५	श्री सुमतिनाथ	श्रावण शु० २ मघा	चैत्र शु० ११ मघा	वैशाख शु० ९, मघा	चैत्र शु० १०, मघा	चैत्र शु० १०, मघा
६	श्री पद्मप्रभु	माघ कृ० ६, चित्रा	कार्तिक कृ. १३, चि०	कार्तिक कृ. १३, चि०	चैत्र शु० १५, चि०	फाल्गुन कृ० ४, चित्रा
७	श्री सुपार्श्वनाथ	भाद्रपद शु० ६ विशाखा	ज्येष्ठ शु. १२, विशा०	ज्येष्ठ शु० १२, वि०	फा० कृ० ६, वि०	फाल्गुन कृ० ७, विशाखा
८	श्री चन्द्रप्रभु	चैत्र कृ. ५, अनुराधा	पौष कृ० ११, अनु०	पौष कृ० ११, अनु०	फा० कृ० ७ अनु०	फाल्गुन कृ० ७, अनुराधा
९	श्री पुष्पदन्त	फाल्गुन कृ० ९ मूल	मार्गशिर शु० १, मूल	मार्गशिर शु० १, मू०	कार्तिक शु० २, मू०	भाद्रपद शु० ८, मूल
१०	श्री शीतलनाथ	चैत्र कृ ८, पूर्वाषाढ़	माघ कृ० १२, पूर्वाषाढ़	माघ कृ० १२ पूर्वाषाढ़	पौष कृ० १४ पूर्वाषाढ़	आश्विन शु० ८, पूर्वाषाढ़
११	श्री श्रेयांसनाथ	ज्येष्ठ कृ० ६, श्रवण	फाल्गुन कृ० ११ श्र०	फा० कृ० ११, श्र०	माघ कृ० ३०, श्र०	श्रावण शु० १५, श्रवण
१२	श्री वासुपूज्य	आषाढ़ कृ० ६, शत०	फा० कृ० १४, शत०	फा० कृ० १४, शत०	माघ शु० २, शत०	भाद्रपद शु० १४, शत०

क्रम सं०	नाम तीर्थंकर	गर्भ तिथि व नक्षत्र	जन्मतिथि वनक्षत्र	तप तिथि व नक्षत्र	कैवल्यज्ञान तिथि व नक्षत्र	निर्वाण तिथि व नक्षत्र
१३	श्री विमलनाथ	ज्येष्ठ कृ० १०, उ० भाद्रपद	माघ शु. ४, उ. भा.	माघ शु. ४, उ. भा.	माघ शु. ६, उ. भा.	आषाढ़ कृ ८, उ. भा.
१४	श्री अनन्तनाथ	कार्तिक कृ० १, रेवती	ज्येष्ठ कृ. १२, रे.	ज्येष्ठ कृ १२, रे.	चैत्र कृ. ३०, रे.	चैत्र कृ. ३०, रेवती
१५	श्री धर्मनाथ	वैशाखशु. ८, पुष्य	माघ शु. १३. पु.	माघ शु. १३, पु.	पौष शु. १५, पु.	ज्येष्ठ शु. ४, पुष्य
१६	श्री शान्तिनाथ	भाद्रपद कृ. ७ भरणी	ज्येष्ठ कृ. १४, भर.	ज्येष्ठ कृ १३, भर.	पौष शु. १०, भर.	ज्येष्ठ कृ. १४, भरणी
१७	श्री कुन्थनाथ	श्रावण कृ. १० कृत्तिका	वैशाख शु. १, कृ	वैशाख शु. १, कृ.	चैत्र शु. ३, कृ.	वैशाख शु. १, कृत्तिका
१८	श्री अर्हनाथ	फाल्गुण शु० ३ रेवती	मार्गशिरशु. १४, रे.	मार्गशिर शु. १० रेवती.	कार्तिक शु. १२, रे.	चैत्र कृ. ३०, रेवती
१९	श्री मल्लिनाथ	चैत्रशु. १, अश्विनी	मार्ग. शिर शु. ११ अश्विनी	मार्ग. शु. ११ अश्वि.	पौष कृ. २, पुष्य	फा. शु. ५, अश्विनी
२०	श्री मुनिसुव्रतनाथ	श्रावणकृ. २, श्रवण	वैशाख कृ. १०, श्र.	वैशाख कृ. ९, श्र.	वैशाख कृ. ९, श्र.	फा. कृ. १२, श्रवण
२१	श्री नमिनाथ	आश्विन कृ. २ अश्विनी	आषाढ़ कृ. १० अश्विनी	आषाढ़ कृ० १०, आश्व.	मार्ग. शु. ११ अश्वि.	वैशाख कृ. १४, अश्विनी
२२	श्री नेमनाथ	कार्तिक शु. ६ उत्तराषाढ़	श्रावण शु. ६, चि.	श्रा. शु. ६, चि.	आश्विनशु. १, चि.	आषाढ़ शु. ७, चित्रा
२३	श्री पार्श्वनाथ	वैशाख कृ. २ विशाखा	पौष कृ. ११, वि.	पौष कृ. ११, वि.	चैत्र कृ. ४, विशा.	श्रावण शु. ७, विशाखा
२४	श्री महावीर	आषाढ़ शु. ६, उ फाल्गुण	चैत्र शु. १३, उ. फा.	मार्गशिर कृ. १० उत्तरा फाल्गुन	वैशाख शु. १० उ. फा.	कार्तिक कृ. १४, स्वाति

(४) तिथि क्रम से नक्षत्रों सहित शुद्ध तिथि कोष्ट

क्र. सं.	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर का कौन कल्याणक
१	कार्तिक शु० २-३	मूल	श्री पुष्पदन्तका ज्ञान कल्याणक
२	„ ६	उत्तराषाढ़	श्री नेमनाथ का गर्भ क.
३	„ १२	रेवती	श्री अर्हनाथ का ज्ञान क.
४	„ १५	मृगशिरा	श्री सम्भवनाथ का जन्म क.
५	मार्गशिर कृ. १०	उ. फा. हस्त	श्रीमहावीर का तप क.
६	„ शु. १	मूल	श्री पुष्पदन्त का जन्म क. तप कल्याणक
७	„ „ १०	रेवती	श्री अर्हनाथ का तप क.
८	„ „ ११	अश्विनी	श्री मल्लिनाथ का जन्म व तप कल्याणक
			श्री नमिनाथ का ज्ञान क.
९	„ „ १४	रोहिणी	श्री अर्हनाथ का जन्म क.
१०	„ „ १५	मृगशिरा	श्री सम्भवनाथ का तप क.
११	पौष कृ. २	पुष्य	श्री मल्लिनाथ का ज्ञान क०
१२	„ „ ११	अनुराधा	श्री चन्द्रप्रभका जन्म व 'तप' क०

क्र. सं.	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर से का कौन कल्याणक
	पौष कृ. ११	विशाखा	श्री पार्श्वनाथ का 'जन्म' व 'तप' क०
१३	„ „ १४	पूर्वाषाढ़	श्री शीतल नाथ का 'ज्ञान' क.
१४	„ शु. १०-११	भरणी	श्री शान्ति नाथ का 'ज्ञान' क.
१५	„ „ ११	रोहिणी	श्री अजित नाथ का 'ज्ञान' क.
१६	„ „ १४-१५	पुनर्वसु	श्री अभिनन्दन का 'ज्ञान' क.
१७	„ „ १५	पुष्य	श्री धर्म नाथ का 'ज्ञान' क.
१८	माघ कृष्ण ६	चित्रा	श्री पद्मप्रभ का 'गर्भ' क.
१९	„ „ १२	पूर्वाषाढ़	श्री शीतल नाथ का 'जन्म' व 'तप' क.
२०	„ „ १४	उत्तराषाढ़	श्री ऋषभदेव का 'मोक्ष' क.
२१	„ „ ३०	श्रवण	श्री श्रेयांश नाथ का 'ज्ञान' क.
२२	„ शु. २	शतभिषा	श्री वासुपूज्य का 'ज्ञान' क.
२३	„ „ ४	उ० भाद्रपद	श्री विमल नाथ का 'जन्म' व 'तप' क.
२४	„ „ ६	„	श्री विमल नाथका 'ज्ञान' क.

क्रम सं०	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर का कौन कल्याणक	क्रम सं०	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर का कौन कल्याणक
२५	माघशु.९-१०	रोहिणी	श्री अजित नाथ का 'तप' क.		फाल्गुन कृ. ११-१२	श्रवण	श्री श्रेयाँशनाथ का 'जन्म' क. और 'तप' क.
२६	" " १०	"	श्री अजित नाथ का 'जन्म' क.	३४	" " १२	"	श्री मुनिसुव्रत नाथ का 'मोक्ष' क.
२७	" " १२	पुनर्वसु	श्री अभिनन्दन का 'जन्म' व 'तप' क.	३५	" " १४	शतभिषा	श्रीवासुपूज्य का 'जन्म' क. और तप' क.
२८	" " १३	पुष्य	श्री धर्म नाथ का 'तप' क.	३६	" शु० ३	रेवती	श्री अरनाथ का 'गर्भ' क.
	" " १३-१४	"	श्री धर्म नाथ का 'जन्म' क.	३७	" " ५	अश्विनी-भरणी	श्री मल्लिनाथ का 'मोक्ष क.
२९	फाल्गुन कृ.४	चित्रा	श्री पद्मप्रभु का 'मोक्ष' क.	३८	" " ८	मृगशिरा	श्री संभवनाथ का 'गर्भ'क.
३०	" " ६-७	विशाखा	श्री सुपार्श्वनाथ का 'ज्ञान' क.	३९	चैत्र कृ. ४	विशाखा	श्री पार्श्वनाथ का 'ज्ञान,क.
३१	" " ७	वि. अनु.	श्री सुपार्श्वनाथ का 'मोक्ष' क.	४०	" " ५	अनुराधा-ज्येष्ठा	श्री चन्द्र प्रभु का 'गर्भ' क.
	" " ७	अनुराधा	श्री चन्द्रप्रभु का 'ज्ञान' क.	४१	" " ८	पूर्वाषाढ़	श्री शीतल नाथ का 'गर्भ' क.
	" " ७	अनु. ज्ये.	श्री चन्द्रप्रभु का 'मोक्ष' क.	४२	" " ९	उत्तराषाढ़	श्री ऋषभदेव का 'जन्म' क. और 'तप' क.
३२	" " ९	मूल	श्री पुष्प दन्त का 'गर्भ' क.	४३	" " ३०	रेवती	श्री अनन्त नाथ का 'ज्ञान' क. और 'मोक्ष' क.
३३	फाल्गुनकृ.११	उत्तराषाढ़-श्रवण	श्री ऋषभदेव का 'ज्ञान' क.				श्री अरनाथ का 'मोक्ष' क.

क्र. सं.	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर का कौन कल्याणक
४४	चैत्र शु. १	अश्विनी	श्री मल्लि नाथ का 'गर्भ' कल्याणक
४५	„ „ ३	कृतिका	श्री कुंथनाथ का 'ज्ञान' क.
४६	„ „ ५	रोहिणी	श्री अजित नाथ का 'मोक्ष' क.
४७	„ „ ६	मृगशिरा	श्री संभव नाथ का 'मोक्ष' क.
४८	चैत्रशु.१०-११	मघा	श्री सुमति नाथ का 'ज्ञान' क. और 'मोक्ष' क.
	„ „ ११	मघा	श्री सुमति नाथकाजन्म'क.
४९	„ „ १३	उत्तराफाल्गुनी	श्री महावीर भगवान का 'जन्म' क.
५०	„ „ १५	चित्रा	श्री पद्मप्रभु का 'ज्ञान' क.
५१	वैसाख कृ. २	विशाखा	श्री पार्श्वनाथ का 'गर्भ'क.
५२	„ „ ९	श्रवण	श्री मुनिसुव्रत नाथ का 'ज्ञान' क.
५३	„ „ ९-१०	„	श्री मुनिसुव्रत नाथ का'तप' क.
	„ „ १०	„	श्री मुनिसुव्रत का 'जन्म'क.

क्र. सं.	तिथि	नक्षत्र	किस तीर्थंकर का कौन कल्याणक
५४	वैसाख कृ.१४	अश्विनी	श्री नमिनाथ का 'मोक्ष' क.
५५	„ शु० १	कृत्तिका	श्री कुन्थुनाथ का 'जन्म' क. 'तप' क. 'मोक्ष' क.
५६	„ „ ६	पुनर्वसु	श्री अभिनन्दन नाथ का 'गर्भ' क.
	„ „ ६-७	„	श्री अभिनन्दन नाथ का 'मोक्ष' क.
५७	„ „ ८	पुष्य	श्री धर्मनाथ का 'गर्भ' क.
५८	„ „ ९	मघा	श्री सुमति नाथ का 'तप' क.
५९	„ „ १०	उत्तराफाल्गुनी-हस्त	श्री महावीर का 'ज्ञान' क.
६०	ज्येष्ठ कृ० ६	श्रवण	श्री श्रेयांसनाथ का 'गर्भ' क.
६१	„ „ १०	उ० भाद्रपद	श्री विमल नाथ का 'गर्भ' क.
६२	„ „ १२	रेवती	श्री अनन्तनाथ का 'जन्म' और तप क.
६३	„ „ १३-१४	भरणी	श्री शान्ति नाथ का 'तप' क.

	ज्येष्ठ कृ. १४	भरणी	श्री शान्तिनाथ का 'जन्म' और 'मोक्ष' क.	७६	श्रावण शु० ६	चित्रा	श्री नेमिनाथ का 'जन्म' और 'तप' क.
६४	,, ,, ३०	रोहिणी	श्री अजित नाथका 'गर्भ' क.	७७	,, ,, ७	विशाखा	श्री पार्श्वनाथ का 'मोक्ष' क.
६५	,, शु० ४	पुष्य	श्री धर्मनाथ का 'मोक्ष' क.	७८	,, ,, १५	श्रवण-धनिष्ठा	श्री श्रेयाँशनाथ का 'मोक्ष' क.
६६	,, ,, १२	विशाखा	श्री सुपार्श्वनाथ का 'जन्म' क.	७९	भाद्रपदकृ०७	भरणी	श्री शान्तिनाथ का 'गर्भ' क.
	,, ,, १२-१३	विशाखा	श्री सुपार्श्वनाथका 'तप' क.	८०	भाद्रपदशु०६	विशाखा	श्री सुपार्श्वनाथ का 'गर्भ' क.
६७	आषाढ़ कृ०२	उत्तराषाढ़	श्री ऋषभदेव का 'गर्भ' क.	८१	,, ,, ८	मूल	श्री पुष्पदन्त का 'मोक्ष' क.
६८	,, ,, ६	शतभिषा	श्री वासुपूज्य का 'गर्भ' क.	८२	,, ,, १४	शतभिषा	श्री वासुपूज्य का 'मोक्ष' क.
६९	,, ,, ८	उ०भाद्रपद	श्री विमल नाथ का 'मोक्ष' क.	८३	आश्विनकृ०२	अश्विनी	श्री नमिनाथ का 'गर्भ' क.
७०	,, ,, १०	अश्विनी	श्री नमिनाथ का 'जन्म' और 'तप' क.	८४	आश्विनशु०१	चित्रा	श्री नेमिनाथ का 'ज्ञान' क.
७१	,, शु० ६	उ०फाल्गुणी	श्री महावीर का 'गर्भ' क.	८५	,, ,, ८	पूर्वाषाढ़	श्री शीतलनाथ का 'मोक्ष' क.
७२	,, ,, ७-८	चित्रा	श्री नेमिनाथ का 'मोक्ष' क.	८६	कार्त्तिककृ०१	रेवती	श्री अनन्तनाथ का 'गर्भ' क.
७३	श्रावण कृ०२	श्रवण	श्रीमुनिसुव्रतनाथका 'गर्भ' क.	८७	,, कृ० ४-५	मृगशिरा	श्री संभवनाथ का 'ज्ञान' क.
७४	श्रावण कृ. १०	कृत्तिका	श्री कुन्थु नाथ का 'गर्भ' क.	८८	कार्तिककृ.१३	चित्रा	श्री पद्मप्रभ का 'जन्म' और 'तप' क.
७५	श्रावण शु०२		श्री सुमतिनाथ का 'गर्भ' क.	८९	,, ,, १४-३०	स्वाति	श्री महावीर का 'मोक्ष' क.

(५)कविवर कृत लोकोक्ति युक्त जिनेन्द्रस्तुति

कवित्तछन्द (३१मात्रा)

हे शिवतियवर जिनवर तुम पद, पङ्कज मँह कमला को वास ।
विघन विनाशक सब सुख दायक, शिवर सुजस जस रह्यो प्रकाश ॥
सो पद सुधासरोवर तजि जो, चाहत हरन ओस जल प्यास ।
तास आश अनयास अफल ज्यों, "डंडा ले कूटै आकाश" ॥१॥
दुखटारन सुखकारन प्रभु सों, प्रीति न कर हिये हित चाह ।
भ्रामिक गात्र विवश निशिवासर, भजै कुदेव कुग्रन्थ कुराह ॥
पाय बँबूल शूलतरु सों शठ, आम चखन की राखत चाह ।
ताकी आश अफल यों जानो, "जैसे बांझ पूत को ब्याह" ॥ २ ॥
जनरंजन अघभंजन प्रभुपद कँजन करत रमा नित केल ।
चिंतामन कल्पद्रुम पारस, बसत जहां सुर चित्रावेल ॥
सो पद त्यागि मूढ़ निशिवासर, सुख हित करत क्रिया अनमेल ।
नीति निपुन यों कहैं ताहि वर, "बालू पेलि निकालै तेल" ॥ ३ ॥
मोह विवश मम मति अति श्रीपति, मलिन भई गति अगति न विद्ध ।
तातैं भूलि बन्यो यह कारज, हे आरज आचारज वृद्ध ॥
तासु उदय दुख दुसह सह्यो अब, आयो शरन पुकारि प्रसिद्ध ॥

राखहु लाज जानि जन अपनो, "गरे परे सु बजाये सिद्ध" ॥ ४ ॥
जानत हौं अब औगुन को फल, प्रगट दुखद यह प्रगट दिखाय।
तौ भी परवश जाय भुकत मन, मानत नाहीं शिव सुखदाय ॥
विना तुम्हारी कृपा कृपानिधि, मिटै न यह हठ आन उपाय।
वक्र चक्र गत तजत न अन्तर, जैसे "बरदमूत को न्याय" ॥ ५ ॥
भक्त मुक्त दातार कल्प तरु, कीरत कुसुमित शशि सम सेत।
इन्द्रहमिंद्र अहिंद्र जजत नित, भव सागर तारन सुख सेत ॥
मो मन बसहु निरंतर स्वामी, हरो विघन दुख दारिद खेत।
प्रभुपद माहिं प्रीति नित बाढ़ौ, ज्यों "श्रीपति अतिशायिनहेत" ॥ ६ ॥
चहुंगति भ्रमत मोह मिथ्यावश, काल अनंत गँवार गमाय।
श्रीपति सों नहि नेह कियो किम, काटै भव बंधन दुखदाय ॥
अब सुघाट शुभवाट मिल्यो है, ठाटबाट उदघाट उपाय।
शिव हित हेत आज सब पायो, यथा "काक ताली को न्याय" ॥ ७ ॥

मत्तगयन्द(३२मात्रा)–जो अपनो हित चाहत है जिय, तौ यह सीख हिये अब धारौ।
कर्मज भाव तजो सब ही निज, आतम को अनुभौ रस गारो ॥
श्री जिनचंद्र सों नेह करो नित, आनद कंद सदा विस्तारो।
मूढ़ लखै नहिं गूढ़ कथा यह, "गोकुल गांव को पैंडा हि न्यारो" ॥८॥

माधवी ३४ मात्रा) नर नारक आदिक जौनि विषै, विषयातुर होय तहां उरभै है।

नहिं पावत है सुख रंच तऊ, परपंच प्रपंचनि में सुरझै है ॥
जिन नायक सों हित प्रीति विना, चित चिन्तित आश कहां सुरझै है ;
जिय देखत क्यों न विचार हिये, "कहुं ओसकी बूंद सों प्यास बुझै है" ॥९॥

जिय पूरब तो न विचार करै, अति आतुर ह्वै बहु पाप उपावै ।
जिन आनंद कंद जिनिन्द्र तनें, पद पंकज सों नहिं नेह लगावै ॥
जब तास उदय दुःख आन परै, तब मूढ़ वृथा जग में विललावै ।
अब पाप अताप बुझावनको शठ, "आगि लगे पर कूप खुदावै" ॥१०॥

कवित्त (३१ मात्रा)—मोह उदय अज्ञान विवश तैं, समुझि परत नहीं नीक अनीक ।
सुख कारन अति आतुर मूरख, बांधत पाप भार भर ठीक ॥
तासु उदयदुःख दुसह होत तब, सुख हित करत उपाय अधीक ।
वृथा होत पुरुषारथ जैसे, "पीटै मूढ़ सांपकी लीक" ॥११॥

माधवी (३४ मात्रा)—जब ही यह चेतन मोह उदै, पर वस्तु विषै सुख कारन धावै ।
तबही दृढ़ कर्म जँजीरनसों, बँधि के भव चारक वासमें आवै ॥
जिन नायकसों बिन प्रीति किये, कहु को भव बंधन काटि छुड़ावै ।
विष खाय सों क्यों नहिं मान तजै, "गुड़ खाय सो क्यों नहिं कान बिंधावै" ॥१२॥

जब आतम आप अमोहित ह्वै, अन आतमता तजि आतम ध्यावै ।
तब संचित जन्म अनेकनिके अघ, ईंधन को दव ध्यान धरावै ॥
जिन चंद्र सुखाम्बुधि वर्द्धन सों, कर प्रीति निरंतर आनँद पावै ।
विष खाय न काहेको मान तजै, "गुड़ खाय न काहे को कान बिंधावै" ॥१३॥

* ॐ *

॥ श्री परमात्मने नमः ॥

(६) अथ श्रीवर्तमानचतुर्विंशतिजिनपञ्चकल्याणक पाठ

दोहा ।

वन्दौं पांचों परम गुरु, सुरगुरु वन्दत जास ।
विघन हरन मंगल करन, पूरन परम प्रकाश ॥
चौबीसों जिनपति नमें, नमों शारदा माय ।
शिवमग साधक साधुनमि, रचौं पाठ सुखदाय ॥

नामावली स्तोत्र ।

(छन्द नयमालिनी, तथा तामरस व चंडी १६ मात्रा)

जय जिनिन्द्र सुखकन्द नमस्ते । जय जिनिन्द्र जित फन्द नमस्ते ।
जय जिनिन्द्र वरबोध नमस्ते । जय जिनिन्द्र जित क्रोध नमस्ते ॥ १ ।
पाप ताप हर इन्दु नमस्ते । अर्ह वरन जुत बिन्दु नमस्ते ।
शिष्टाचार विशिष्ट नमस्ते । इष्ट मिष्ट उत्कृष्ट नमस्ते ॥ २ ॥
पर्म धर्म वर शर्म नमस्ते । मर्म भर्म घन घर्म नमस्ते ।
दृग विशाल वरभाल नमस्ते । हृद दयाल गुन पाल नमस्ते ॥ ३ ॥

शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध नमस्ते। चिद्विलास भूत ध्यान नमस्ते।
वीतराग विज्ञान नमस्ते। ऋद्धि सिद्धि वर वृद्धि नमस्ते॥ ४॥
स्वच्छ गुणाम्बुधि रत्ननमस्ते। सत्व हितंकर यत्न नमस्ते।
कुनय करी मृगराज नमस्ते। मिथ्या खग वर बाज नमस्ते॥ ५॥
भव्य भवोदधि तार नमस्ते। शर्मामृत सित सार नमस्ते।
दरश ज्ञान सुखवीर्य नमस्ते। चतुरानन धर धीर्य नमस्ते॥ ६॥
हरि हर ब्रह्मा विष्णु नमस्ते। मोह मर्दमनु जिष्णु नमस्ते।
महा दान महा भोग नमस्ते। महाज्ञान मह जोग नमस्ते॥ ७॥
महा उग्र तप सूर नमस्ते। महा मौन गुण भूरि नमस्ते।
धरम चक्र वृष केतु नमस्ते। भव समुद्र शत सेतु नमस्ते॥ ८॥
विधा ईश मुनीश नमस्ते। इन्द्रादिक नुत शीश नमस्ते।
जय रतनत्रय राय नमस्ते। सकल जीव सुखदाय नमस्ते॥ ९॥
अशरन शरनसहाय नमस्ते। भव्य सुपन्थ लगाय नमस्ते।
निराकार साकार नमस्ते। एकानेक अधार नमस्ते॥ १०॥
लोकालोक विलोक नमस्ते। त्रिधा सर्व गुन थोक नमस्ते।
सल्ल दल्ल दलमल्ल नमस्ते। कल्ल मल्ल जितछल्ल नमस्ते॥ ११॥
भुक्ति मुक्ति दातार नमस्ते। उक्ति सुक्ति शृङ्गार नमस्ते।
गुन अनन्त भगवन्त नमस्ते। जै जै जै जयवन्त नमस्ते॥ १२॥

(इति पठित्वा जिन चरणाग्रे परिपुष्पांजलिं क्षिपेत्)

अथ चतुर्विंशति जिन स्थापना ।

श्रीवृषभादि अन्त महवीरं । चौबीसों जिन अति सुखसीरं ॥
थापत हूं पद पूजन हेता । दुःख विनाशक सब सुख देता ॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि चतुर्विंशति जिन समूह अत्र अवतर अवतर संवौषट् । आह्वाननं ।
ॐ ह्रीं श्री वृषभादि चतुर्विंशति जिन समूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । स्थापनं ।
ॐ ह्रीं श्री वृषभादि चतुर्विंशति जिन समूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् । सन्निधिकरणं ।

अथ चतुर्विंशतिजिन गर्भ कल्याणक पूजा ।

१: ऋषभदेव—असित दोयज साढ़ सुहावनं । गरभ मङ्गल को दिन पावनं ॥
हरि शची पितु मातहिं सेवहीं । जजत हैं हम श्रीजिन देवहीं ॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, संसार ताप विनाशनाय चन्दनं
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, काम बाण विध्वंसनाय पुष्प ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, क्षुधारोग विनाशयाय नैवेद्यं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, मोह अन्धकार विनाशनाय दीपं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, अष्ट कर्म दहनाय धूपं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भकल्याणकाय, मोक्ष फल प्राप्तये फलं ।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय आषाढ़ कृ० २, उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भकल्याणकाय, अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घं ।

श्री आदीश्वर चरणयुग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्दपद प्राप्तये पूर्णार्घं, निर्वपामि इति स्वाहा ॥

२. श्रीअजितनाथ—जेठ असेत, अमावस सोहै । गर्भदिनानँद सों मन मोहै ॥

इन्द्र फनेन्द्र जजें मन लाई । हम पद पूजत मन हर्षाई ॥

ॐ ह्रीं श्री अजित जिनाय ज्येष्ठ कृ० अमावस्या, रोहिणी नक्षत्रे, गर्भकल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनायजलं ।

ॐ ह्रीं श्री अजित जिनाय ज्येष्ठ कृ० अमावस्या, रोहिणी नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, संसार ताप विनाशनाय चन्दनं ।

(इत्यादि उपर्युक्त ॐ ह्रीं आदि बोल बोल कर आठों द्रव्य अर्घ सहित चढ़ावै) ॥

श्री अजितेश्वर चरणयुग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्दयुत पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्दपद प्राप्तयेपूर्णार्घं, निर्वपामि इति स्वाहा ॥

३. श्री संभवनाथ—माता गर्भ विषै जिन आय । फागुन सित आठैं सुखदाय ॥

सेवैं सुरतिय छप्पन वृन्द । नाना विधि मैं जजूं जिनिन्द ॥

ॐ ह्रीं श्री संभव नाथ जिनेन्द्राय फाल्गुण शु. ८, मृगशिराभे. गर्भकल्याणकाय, जन्म जरामृत्यु विनाशनाय जलं । संसारताप विनाशनाय चन्दनं । अक्षयपद प्राप्तयेअक्षतं । इत्यादि

श्री संभवके चरणयुग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत पूजूं जिन पद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं, निर्वपामीति स्वाहा ॥

४. श्रीअभिनन्दननाथ—शुकल छट्ठ वैशाख विषै तजि, आये श्री जिनदेव ।

सिद्धारथ माता के उरमें, करै शची शुचि सेव ॥

रतनवृष्टि आदिक वर मंगल, होत अनेक प्रकार ।

ऐसे गुन निधि कों मैं पूजूं, ध्याऊं बारम्बार ॥

ॐ ह्रीं श्री अभिनन्दन नाथ जिनेन्द्राय वैसाख शुक्ल ६, पुनर्वसुनक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्मजरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनं इत्यादि ॥

श्री अभिनन्दन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिन पद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

५. श्री सुमतिनाथ–संजयंत तजि गरभ पधारे । श्रावण सेत दुतिय सुख कारे ॥

रहे अलिप्त मुकुर जिमि छाया । जजों चरन जय जय जिनराया ॥

ॐ ह्रीं श्री सुमति नाथ जिनेन्द्राय श्रावण शु० २, मघा नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चंदनम् । इत्यादि ।

सुमतिनाथ के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनंद युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

६. श्री पद्मप्रभू–असित माघ सुछट्ट बखानिये । गरभ मंगल तादिन मानिये ॥

ऊर्द्ध ग्रीवक सों चय राज जी । जजत इंद्र जजें हम आज जी ॥

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभू जिनेन्द्राय माघ कृष्ण ६, चित्रा नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चंदनं । इत्यादि ।

पद्मप्रभू के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनंद युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

७. श्री सुपार्श्वनाथ–सुकल भादव छट्ट सुजानिये । गरभ मङ्गल तादिन मानिये ॥

करत सेव शची रचि मातकी । दरव लेय नमों वसु भांतिकी ॥

ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भाद्रपद शुक्ल ६. विशाखा नक्षत्रे,गर्भ कल्याणकाय,जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं। संसार ताप विनाशनाय चंदनम् । इत्यादि ।

श्री सुपार्श्व के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गरभ दिवस आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

८. श्री चन्द्रप्रभु-कलि पञ्चम चैत सुहात अली । गर्भागम मंगल मोद भली ॥

हरि हर्षित पूजत मात पिता । हम ध्यावत पावत शर्म सिता ॥

ॐ ह्रीं श्री चन्द्र प्रभु जिनेन्द्राय चैत कृष्ण ५ अनुराधा नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं।

ॐ ह्रीं श्रीं चन्द्र प्रभु जिनेन्द्राय......संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् । इत्यादि ॥

चन्द्रप्रभु के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिन पदसार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

९. श्री पुष्पदन्त—

नवमी तिथिकारी फागुन धारी, गरभ मांहि थिति देवा जी। तजि आरणथानं कृपानिधानं, करत शचीतित सेवा जी ॥ रतनन की धारा परम उदारा, पड़ी व्योम तैं सारा जी। मैं पूजों ध्यावों भगति बढ़ावों, करो मोहि भव पारा जी ॥

ॐ ह्रीं श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय फाल्गुन कृ० ९, मूल नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं।

ॐ ह्रीं श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय......संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् ॥ इत्यादि ॥

पुष्पदंत के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१०. श्री शीतलनाथ—आठैं वदी चैत सुगर्भ माहीं । आये प्रभू मंगल रूप थाहीं ॥
सेवे शची मातु अनेक भेवा । चर्चों सदा शीतलनाथ देवा ॥

ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथ जिनेन्द्राय चैत्र कृष्ण ८, पूर्वाषाढ़ नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनायजलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् । इत्यादि ॥

श्री शीतल जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथ जिनचरणाग्रे पूर्णानन्दपद प्राप्तये पूर्णार्घ निर्वपामीति स्वाहा ॥

११. श्री श्रेयांशनाथ—पुष्पोत्तर तजि आये, विमला उर जेठ कृष्ण षष्ठी को
सुर नर मङ्गल गाये, मैं पूजों आठ कर्म नष्टी को ॥

ॐ ह्रीं श्री श्रेयांशनाथ जिनेन्द्राय ज्येष्ठ कृ० ६, श्रवण नक्षत्रे, गर्भकल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम् । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् । इत्यादि ॥

श्रेयाँश जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री श्रेयाँशनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१२. श्री वासुपूज्य—कलि छट्ट असाढ़ सुहाये । गरभागम मंगल पाये ।
दशवें दिवितें इत आये । शत इन्द्र जजें शिर नाये ॥

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय आषाढ़ कृ० ६, शतभिषा नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् । अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं, कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं, इत्यादि ।

वासुपूज्य जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

१३. श्री विमलनाथ–गरभ जेठ बदी दशमी भनौं, परम पावन सो दिन शोभनौं ।
करत सेव शची जननी तणी, हम जजैं पद पद्म शिरोमणी ॥

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथ जिनेन्द्राय ज्येष्ठ कृ० १०, उत्तरा-भाद्रपद नक्षत्रे गर्भकल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्, अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं, कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं । इत्यादि ॥

विमलनाथ जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथ जिनचरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

१४. श्रीअनन्त नाथ–असित कातिक एकम भावनो । गरभ को दिन सो गिन पावनो ॥
किय शची तित चर्चन चावसों । हम जजैं इत आनन्द भाव सों ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्राय कार्तिक कृष्ण १, रेवती नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्, अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं, कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं । इत्यादि ॥

श्री अनन्त जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनंद युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१५. श्रीधर्मनाथ–आठें सित बैसाख की हो । गरभ दिवस अधिकार ॥
जग जन वांछित पूजों । हो अपार, परम जिनेश्वर पूजों । पूजों हो अपार ।

ॐ ह्रीं श्री धर्मनाथ जिनेन्द्राय बैशाख शु० ८, पुष्य नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम् । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्, अक्षयपद प्राप्तये अक्षतं, काम वेदना विनाशनाय पुष्पं । इत्यादि ॥

धरमनाथ जिनचरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री धर्मनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१६. श्री शांतिनाथ–असित सातय भादव जानिये । गरभ मंगल तादिन मानिये ।
शचि कियो जननीपद चर्चनं । हम करैं इत ये पद अर्चनं ॥

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय भाद्रपद कृ० ७, भरणी नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं । संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्, अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं, कामवेदना विनाशनाय पुष्पं । इत्यादि ॥

शांतिनाथ जिनचरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१७. श्री कुंथनाथ–सु सावन की दशमी कलि जान, तज्यो सरवारथसिद्ध विमान ।
भयो गरभागम मंगल सार, जजैं हम श्रीपद अष्ट प्रकार ॥

ॐ ह्रीं श्री कुन्थनाथ जिनेन्द्राय श्रावण कृ० १०, कृत्तिका नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं ।
ॐ ह्रीं श्री कुन्थनाथ जिनेन्द्राय……संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् । अक्षयपद प्राप्तये अक्षतं इत्यादि ॥

कुन्थनाथ जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार । गर्भ दिवश आनंद युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री कुन्थनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१८. श्री अरहनाथ–फागुन सुदी तीन सुखदाई, गरभ सुमङ्गल तादिन पाई ।
मित्रादेवी उदर सु आये, जजैं इंद्र हम पूजन आये ॥

ॐ ह्रीं श्री अरहनाथ जिनेन्द्राय फाल्गुन शु० ३. रेवती नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम् ।
ॐ ह्रीं श्री अरहनाथ जिनेन्द्राय संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् ॥ इत्यादि ॥

अरहनाथ जिनचरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार। गरभ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री अरहनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

१९. श्रीमल्लिनाथ–चैत की शुद्ध एकै भली राजई, गरभ कल्यान कल्यान को साजई।

कुम्भराजा प्रजापति मातातने, देव देवी जजें शीश नाये घने ॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय चैत्र शु० १, अश्विनी नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय······संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्। इत्यादि ॥

मल्लिनाथ जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार। गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथ जिन चरणाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

२०. श्रीमुनिसुव्रतनाथ–तिथि दोयज सावन श्याम भयो, गरभागम मङ्गल मोद थयो।

हरि वृन्द शची पितु मात जजें, हम पूजत ज्यों अघ ओघ भजें ॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय श्रावण कृ० २,श्रवण नक्षत्रे,गर्भ कल्याणकाय,जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय········संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्। इत्यादि ॥

मुनिसुव्रत जिन चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार। गर्भ दिवश आनंद युत, पूजूं जिनपद सार ॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनपदाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

२१. श्री नमिनाथ–गरभागम मंगल चारा, जुग आश्विन श्याम उदारा।

हरि हर्षि जजे पितु माता, हम पूजें त्रिभुवन-ताता ॥

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथ जिनेन्द्राय आश्विन कृ० २, अश्विनी नक्षत्रे, गर्भ कल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम्।

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथ जिनेन्द्राय......संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्। इत्यादि॥

श्री नमिजिन के चरण युग, अष्ट द्रव्य भर थार। गर्भ दिवश आनन्द युत, पूजूं जिनपद सार॥

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथ जिन पदाग्रे पूर्णानन्द पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

२२. श्री नेमनाथ–सित कातिक छट्ठ अनन्दा। गरभागम आनंद कन्दा।
शंचि सेय शिवापद आई। हम पूजत मन वच काई॥

ॐ ह्रीं श्री नेमनाथ जिनेन्द्राय कार्तिक शु० ६. उत्तराषाढ़ नक्षत्रे, गर्भकल्याणकाय, जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम्।

ॐ ह्रीं श्री नेमनाथ जिनेन्द्राय......संसार ताप विनाशनाय चन्दनम्। इत्यादि॥

